- 31 अक्तूबर से लैपटॉप समेत अन्य उपकरणों के आयात पर रोक रहेगी
- कंपनियों ने कहा, इतने कम समय में खुद का संयंत्र लगाना संभव नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लैपटॉप और टैबलेट निर्माता कंपनियों ने सरकार ने 31 अक्टूबर से लागू होने वाली लाइसेंस हासिल करने की समयसीमा को बढ़ाने की मांग की है। इन कंपनियों का कहना है कि उन्हें कम से कम नौ से 12 महीने की मोहलत दी जाए ताकि वे पूरी तरह संभल सकें।

सरकार ने हाल ही में लैपटॉप, कंप्यूटर, टैबलेट और अन्य दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात को 31 अक्तूबर से प्रतिबंधित करने का फैसला लिया है। साथ की कंपनियों के लिए लाइसेंस को जरूरी कर दिया है।

इसे लेकर कुछ दिन पहले प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्माता कंपनियों के शीर्ष प्रतिनिधियों ने आईटी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। कंपनियों का कहना है कि अचानक से लगे प्रतिबंध से उन्हें काफी नुकसान होने की संभावना है। आयात बंद होने के बाद हर हाल में इन कंपनियों को भारतीय बाजार में अपने लैपटॉप और टैबलेट कारोबार को जारी रखने के लिए खुद का प्लांट लगाना होगा, जो कि एक-दो महीने में संभव नहीं है। कंपनियों को भारत में मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए समय चाहिए। वहीं, मंत्रालय ने कहा है कि लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

**बाजार 30s**

**शेयर बाजार**

| सेंसेक्स | | निफ्टी | |
|---|---|---|---|
| 65995 | +149.31 | 19632 | +61.70 |

**कमोडिटी**

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 60,430 | +80 |
| चांदी | 77,100 | +400 |

**करेंसी**
डॉलर/रुपया
82.86 +0.05

### जीईएम पोर्टल से 45 हजार करोड़ रुपये बचाए

**नई दिल्ली।** सरकारी ऑनलाइन खरीद पोर्टल गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद कर सरकार ने 2016 से अब तक लगभग 45,000 करोड़ रुपये बचाए हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह पोर्टल 2016 में पेश किया गया था। यह मंच सरकारी विभागों, संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) के लिए पारदर्शी खरीद की सुविधा देता है।

### दावा : ईवी कंपनियों को 9000 करोड़ की हानि

**नई दिल्ली।** सब्सिडी बंद किए जाने के बाद बकाया भुगतान न होने और बाजार हिस्सेदारी में गिरावट के कारण सात इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियों को कुल मिलाकर 9,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। सोसायटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक वेहिकल्स ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके सदस्य संजय कौल ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे को पत्र लिखा है।

### आईपीओ को सूचीबद्ध करने का समय घटाया

**नई दिल्ली।** सेबी ने बुधवार को नियामक ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बंद होने के बाद शेयर बाजारों में शेयरों के सूचीबद्ध होने की समयसीमा घटाकर आधी यानी तीन दिन कर दी। वर्तमान में यह समयसीमा छह दिन है। एक सितंबर या उसके बाद आने वाले सभी आईपीओ के लिए नई समयसीमा स्वैच्छिक होगी, जबकि जो निर्गम एक दिसंबर के बाद आएंगे उनके लिये यह अनिवार्य होगा।

### भारत का कोयला आयात 1.82 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 1.82 फीसदी घटकर 6.83 करोड़ टन पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.95 करोड़ टन से अधिक रहा था। गैर-कोकिंग कोयले का आयात 4.29 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 4.74 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 1.58 करोड़ टन से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1.46 करोड़ टन था।

## एसआईपी के जरिए रिकॉर्ड निवेश आया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवेशक म्यूचअल फंड में निवेश को लेकर व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) को तरजीह दे रहे हैं। जुलाई महीने में एसआईपी के माध्यम से रिकॉर्ड 15,245 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

एम्फी के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। लेकिन इसके बावजूद इक्विटी म्यूचुअल फंड में जुलाई में निवेश मासिक आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 7,626 करोड़ रुपये रहा।

## रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर पर आज घोषणा करेगा

**मौद्रिक समीक्षा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) गुरुवार को नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को लेकर घोषणा करेगी। माना जा रहा है कि ब्याज दर पर यथास्थिति बनी रह सकती है।

फरवरी के बाद से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। अप्रैल और जून में हुई समीक्षा बैठक में इसमें बदलाव नहीं किया गया। एमपीसी की बैठ आठ अगस्त से शुरू हुई है।

वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि का असर जुलाई के खुदरा महंगाई के आंकड़ों पर दिखने का मिलेगा। उन्होंने अनुमान जताया है कि खुदरा महंगाई आरबीआई के तय दायरे से बाहर जा सकती है। उनके मुताबिक जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.40% तक जा सकती है, जो पांच महीनों में पहली बार आरबीआई के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर होगी।

## चांदी 800 रुपये गिरी, सोना भी टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 70 रुपये के नुकसान के साथ 60,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

वहीं, चांदी की कीमत भी 400 रुपये लुढ़ककर 73,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,929 डॉलर प्रति औंस रहा।

## सीमा शुल्क के नाम पर ठगी करने वालों से आगाह किया

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** देश में कस्टम विभाग के नाम पर भेजे जा रहे फर्जी ईमेल और फर्जी फोन कॉल तथा एसएमएस को लेकर वित्त मंत्रालय ने लोगों को आगाह किया है। मंत्रालय ने इस बारे में ट्वीट कर कहा है कि लोगों को ऐसे किसी भी झांसे में नहीं आना चाहिए।

मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय सीमा शुल्क के नाम पर पैसे ऐंठने वाले जालसाज लोगों को फोन, ईमेल, व्हाट्सएप के माध्यम से फर्जी संदेश भेज रहे हैं। इनमें कहा जाता है कि आपके मित्र ने महंगा तोहफा भेजा है, जिसे कस्टम ड्यूटी चुका कर प्राप्त करना होगा। इसके लिए निजी बैंक खातों में कस्टम ड्यूटी जमा करने को कहा जाता है। विभाग कभी निजी बैंक खातों में राशि जमा कराने को नहीं कहता। विभाग की तरफ से भेजे जाने वाले हर संदेश में पंजीकृत नंबर होता है, जिसे विभाग की वेबसाइट से सत्यापित किया जा सकता है।

### आईआरसीटीसी ने भी फर्जी ऐप से चेताया

आईआरसीटीसी ने भी लोगों को सचेत किया है कि एंड्रॉयड के जरिए उसकी वेबसाइट के नाम पर ठगी की जा रही है। जालसाज लोगों को फर्जी आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप डाउनलोड करने का लिंक भेज रहे हैं। इसे क्लिक करते ही वो धोखेबाजी का शिकार हो जाते हैं।

**अपना देश**

## टमाटर ने किसानों की नींद उड़ाई

**जिया हक**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में टमाटर की नई फसल की कटाई में कुछ सप्ताह बाकी हैं लेकिन खेती करने वाले किसानों की रातों की नींद गायब है। किसानों का कहना है कि वे अपने खेतों पर चौबीसों घंटे कड़ी नजर रखने के लिए मजबूर हैं। वजह यह है कि किसान अपने खेतों से फसल को चोरी होने से रोकना चाहते हैं क्योंकि इन दिनों देशभर की रसोइयों में टमाटर सबसे कीमती चीज है।

अक्सर घाटे में रहने वाले टमाटर उत्पादक इन दिनों जबर्दस्त मुनाफा कमा रहे हैं लेकिन जबर्दस्त मांग के कारण उन्हें फसल की चोरी और डकैती के बढ़ते मामलों से भी जूझना पड़ रहा है। हाल ही में आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के एक किसान चंद्रमौली अपने 25 एकड़ खेत से टमाटर बेचकर चार करोड़ रुपये कमाने के लिए सुर्खियों में रहे। कर्नाटक के कोलार में टमाटर के एक बड़े उत्पादक नारायण सिद्ध राव ने पिछले सप्ताह पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात लोगों ने रात के अंधेरे में उनकी फसल काट ली। शिकायत के अनुसार 15 लाख रुपये मूल्य की उपज पर हाथ साफ कर दिया गया।

इस संबंध में राव ने पहले बागवानी किसानों के एक स्थानीय संघ और पंचायत से शिकायत की और उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। कोलार थोक विक्रेता संघ के प्रभाकर कुमार ने कहा कि हमें बताया गया कि टमाटर को बरामद कर लिया जाएगा और जब वे इसे बेचने के लिए मंडी में आएंगे तो उनकी पहचान की जाएगी।

### टमाटर के लिए लूट और हत्या



कर्नाटक में एक स्थानीय मंडी अधिकारी ने कहा कि 10 जुलाई को 2,000 किलो टमाटर से लदे एक ट्रक को लूट लिया गया। यह ट्रक चित्रदुर्ग से कोलार की प्रमुख मंडी तक उपज ले जा रहा था।

खेत में सीसीटीवी : महाराष्ट्र के किसान शरद रावटे ने अपने खेत में नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाने का फैसला किया। उन्होंने डेढ़ एकड़ में टमाटर उगाए हैं।

Hindustan Times

**झारखंड**

### प्रेम प्रकाश पर शिकंजे की तैयारी

**रांची, मुसं।** रांची जमीन घोटाले में अब ईडी सत्ता के गलियारे में चर्चित प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी को गिरफ्तार करेगी।

साहिबगंज में अवैध खनन और 1000 करोड़ की मनी लाउंड्रिंग में रांची जेल में बंद प्रेम प्रकाश से ईडी ने तीन और चार अगस्त को जेल में भी पूछताछ की थी। पूछताछ व जांच में आए तथ्यों के आधार पर ईडी प्रेम को अब दूसरे केस में भी गिरफ्तार करेगी। ईडी ने कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट डाला है।

**उत्तराखंड**

### बारिश से दो बच्चों समेत छह की मौत

**देहरादून, हिन्दुस्तान टीम।** उत्तराखंड में भारी बारिश से विभिन्न स्थानों पर जनहानि और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। बारिश संबंधी घटनाओं से दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई।

**चार जिलों में रेड अलर्ट :** मौसम विभाग ने नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंहनगर और पौड़ी जिले में गुरुवार को भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों के लिए भी चेतावनी जारी की है।

## परदेस में बिहार वालों को सबसे कम शिकायतें

**मुजफ्फरपुर, मुख्य संवाददाता।** देश के बाहर विदेश में रह रहे बिहार के प्रवासियों को संबंधित देशों से सबसे कम शिकायतें हैं। विभिन्न राज्यों के प्रवासी जो विदेश में पढ़ाई या नौकरी कर रहे हैं, उनमें संबंधित देश के खिलाफ शिकायत करनेवालों की सबसे कम संख्या बिहारियों की है।

विदेश मंत्रालय के 'मदद एप' पर अबतक 1,99,443 प्रवासियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इस एप के जरिये विदेश में रहनेवाले कुल 85,174 लोगों ने संबंधित देश में खुद को परेशानी में होने की स्थिति में विदेश मंत्रालय से फरियाद लगायी है। एप के अनुसार इनमें से 82,040 प्रवासियों को मदद पहुंचायी गई है। बाकी मामले विदेश मंत्रालय के पास लंबित हैं।

### मदद एप पर शिकायत वाले ढाई हजार प्रवासी

विदेश मंत्रालय का मदद एप 2016 में बना था। इसके बाद से अबतक जो शिकायतें सभी राज्यों के प्रवासियों द्वारा की गई हैं, उनकी संख्या 85,174 है। मंत्रालय ने जो आंकड़े राज्यों को भेजे हैं, उनमें बिहार के प्रवासियों की शिकायतों की संख्या ढाई हजार है। सबसे ज्यादा शिकायत करने वाले प्रवासी पंजाब के हैं।

IN THE COURT OF SH. SANJEEV KUMAR AGGARWAL, DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL)-01, ROOM NO. 301, THIRD FLOOR, TIS HAZARI COURT, EXTENSION BLOCK, DELHI -110054

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5, Rules 20 of the Code of Civil Procedures)
SUIT NO. CS(COMM) NO. 255/2023
NEXT DATE OF HEARING- 13.09.2023
ICICI BANK LTD. ...Plaintiff
VS
AMIT SINGH ...Defendant
To,
AMIT SINGH
S/O. AJEET KUMAR SINGH
A-60 SF-3 RAIL VIHAR LONI WATER TANK, GHAZIABAD, SADULLABAD, GHAZIABAD-201102
ALSO AT:
WAVES ENTERPRISES
1st FLOOR OF PROP. NO.17 DLF INDUSTRIAL AREA MOTI NAGAR DELHI-110015

WHEREAS you are intentionally evading the service of summons of the court, it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 13.09.2023 the day fixed for the final disposal of the above mentioned case, it will be heard and determined as ex-parte. Given under my hand and the seal of the court, this 01.08.2023.

District Judge-
(Commercial Court)- 01
Tis Hazari Courts, Delhi

**उत्तर रेलवे**
भारत 2023 INDIA
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर - चतुर्थ अनुभाग में ट्रैक के दैनिक रखरखाव के लिए दो वर्षों के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों को किराए पर लेने कार्य हेतु। |
| 2. | अनुमानित लागत | (1) रु. 1,49,88,221.95 |
| 3. | धरोहर राशि | (1) रु. 2,25,000.00 |
| 4. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 08.08.2023 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 01.09.2023 को 15:30 बजे. |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्रसंख्या:128-डब्लू/260/निविदा सूचना/जैम/2023/बी/3670207
दिनांक: 08.08.2023 2473/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत 2023 INDIA

सं.-940-E/Re-engagement/EG/C/2023 दिनांक: 09.08.2023

**शुद्धिकरण**

विषय: सेवाओं की अत्यावश्यकता के आधार पर उत्तर रेलवे निर्माण संगठन में सेवानिवृत्त रेलवे के राजपत्रित अधिकारियों की पुनःनियुक्ति **की अधिसूचना का शुद्धिकरण।**

सन्दर्भ: इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 27.07.2023।

इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा उत्तर रेलवे निर्माण संगठन में सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों की सेवाओं की अत्यावश्यकता के आधार पर पुनःनियुक्ति हेतु दिनांक 11.08.2023 (शुक्रवार) को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली के कार्यालय Walk-In Interview लिया जाना सुनिश्चित था।

दिनांक 11.08.2023 (शुक्रवार) को होने वाला Walk-In Interview प्रशासनिक कारणों से निरस्त करते हुए दिनांक 17.08.2023 (गुरुवार) को होना तय हुआ है।

पूर्व निर्धारित रिक्त स्थानों (positions) बढ़ोतरी के पश्चात Walk-In Interview हेतु उपलब्ध संशोधित रिक्त स्थान निम्न प्रकार से हैं :

(i) सिविल इंजीनियरिंग विभाग: 05 स्थान जूनियर स्केल/सीनियर स्केल/जेएजी हेतु
(ii) सिंगनल एवं दूर संचार विभाग: 01 स्थान जूनियर स्केल/सीनियर स्केल/जेएजी हेतु
(iii) विद्युत विभाग: 01 स्थान जूनियर स्केल/सीनियर स्केल/जेएजी हेतु

संदर्भित पत्र में उल्लिखित अन्य समस्त नियम व शर्तें अप्रभावी रहेंगी।

सहायक कार्मिक अधिकारी/निर्माण
कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि0
2476/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लाट सं. 01, नालेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in ई-मेल: authority@gnida.in

पत्रांक : प्र0व0प्र0/(ई–निविदा सेल)/2023/466 ए दिनांक : 08 अगस्त, 2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - प्र0व0प्र0/(ई–निविदा सेल)/2023/466 दिनांक 08.08.2023 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या-01 से 26 पर अंकित कार्य की ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट : www.greaternoidaauthority.in पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइटें देखते रहें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम / वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| **निर्माण कार्य** | | |
| 1. | सैक्टर गामा–2 में शॉपिंग काम्पलेक्स की मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रु. 17.04 लाख |
| 2. | ग्राम सफीपुर में स्थित मोक्षधाम/शमशान घाट में मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल-4) | रु. 20.10 लाख |
| 3. | ग्राम सफीपुर में स्थित मोक्षधाम/शमशान घाट का चबूतरा एवं शमशान शेड, लकड़ी के गोदाम एवं सरोवर का पुनः निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-4) | रु. 33.46 लाख |
| 4. | ग्राम अजायबपुर में बरात घर की चारदीवारी का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य। (वर्क सर्किल-6) | रु. 27.31 लाख |
| 5. | ग्राम खोदना खुर्द में इंटरलॉकिंग टाईल्स (पीर बाबा) तक लगाने का कार्य। (वर्क सर्किल-2) | रु. 20.75 लाख |
| 6. | ग्राम पल्ला में व्यायामशाला एवं पुस्तकालय का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-6) | रु. 46.06 लाख |
| 7. | ग्राम खोदना कलाँ से कैलाशपुर रोड तक आर.सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-2) | रु. 71.62 लाख |
| 8. | ग्राम सैनी एवं खोदना खुर्द में प्ले ग्राउन्ड का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-2) | रु. 91.99 लाख |
| **सड़क निर्माण कार्य** | | |
| 9. | सैक्टर–2 एवं टैकजोन–4 के बीच 60 मी० चौड़ी सड़क के साईड ड्रेन कवरिंग सलेब का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-3) | रु. 155.03 लाख |
| **आदर्श ग्राम** | | |
| 10. | ग्रेटर नौएडा के अधिसूचित क्षेत्र में स्मार्ट ग्राम हैवतपुर का विकास कार्य (फेस–2)। (वर्क सर्किल-1) | रु. 297.39 लाख |
| 11. | ग्रेटर नौएडा के अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम डाढा का स्मार्ट गांव के रूप में विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रु. 364.50 लाख |
| 12. | ग्रेटर नौएडा के अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम कासना का स्मार्ट गांव के रूप में विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रु. 462.16 लाख |
| 13. | ग्रेटर नौएडा के अधिसूचित क्षेत्र में स्मार्ट ग्राम मिलक लच्छी का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-1) | रु. 494.32 लाख |
| 14. | ग्रेटर नौएडा के अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम लुक्शर का स्मार्ट गांव के रूप में विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रु. 753.15 लाख |
| 15. | ग्रेटर नौएडा के अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम खानपुर का स्मार्ट गांव के रूप में विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रु. 760.28 लाख |
| **उद्यान विभाग के कार्य** | | |
| 16. | आर.सी.सी. पोट्स, सप्लाई, एस.के. रोड डी.एस.सी. रोड एवं लिंक रोड एन.एच.–24 का सौन्दर्यीकरण तथा दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रु. 40.30 लाख |
| 17. | सैक्टर–16 के पार्क में पाथवे एवं चारदीवारी का निर्माण कार्य, ग्लेक्सी वेग के सामने 100 मी० चौड़ी मास्टर ग्रीन बेल्ट एवं सैक्टर टैक जोन–4 रियान पार्किंग में अवशेष पार्ट का कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रु. 75.93 लाख |
| 18. | सैक्टर–के.पी.–5 में ग्राम खैरपुर एवं तुस्याना की 6 प्रतिशत आबादी में 10 मी०, 15 मी० चौड़ी ग्रीन बैल्ट एवं रोड साईड पर पेड़–पौधे रोपित करने का कार्य एवं चार माह तक का अनुरक्षण कार्य (भाग–3)। (उद्यान विभाग) | रु. 118.38 लाख |
| 19. | ग्रेटर नौएडा वेस्ट के विभिन्न रोटरियों पर सीजनल पौध सहित गमलों की आपूर्ति एवं आठ माह तक अनुरक्षण कार्य। (उद्यान विभाग) | रु. 127.44 लाख |
| 20. | 130 मीटर रोड़ तिलपता रोटरी से डी–पार्क पुलिस चौकी तक लेफ्ट साईड में पौधे एवं घास लगाने का विकास कार्य। (उद्यान विभाग) | रु. 153.44 लाख |
| 21. | 130 मीटर रोड़ डी–पार्क पुलिस चौकी से एक मूर्ति रोटरी तक लेफ्ट साईड में पौधे एवं घास लगाने का विकास कार्य। (उद्यान विभाग) | रु. 159.03 लाख |
| **सीवर के कार्य** | | |
| 22. | जोन–8 के ग्रामों में घरों को सीवर से जोड़ने का कार्य। (वर्क सर्किल-सीवर) | रु. 99.61 लाख |
| 23. | ग्रेटर नौएडा में सैक्टर एवं ग्रामों (पार्ट–6) जोन–1 में 36 माह तक आन्तरिक सीवरेज सिस्टम के अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-सीवर) | रु. 204.51 लाख |
| 24. | सैक्टर एवं ग्राम की आन्तरिक सीवरेज सिस्टम जोन-1 (पार्ट-4बी) का 3 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-सीवर) | रु. 262.93 लाख |
| 25. | जोन-4 के ग्रामों में घरों को सीवर से जोड़ने का कार्य। (वर्क सर्किल-सीवर) | रु. 295.24 लाख |
| 26. | जोन-2 के ग्रामों में घरों को सीवर से जोड़ने का कार्य। (वर्क सर्किल-सीवर) | रु. 435.67 लाख |

(अ) क्रम सं.- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 16, 17, 18, 19, 20, 21 एवं 22 तक के कार्य दिनांक – 11.08.2023 से 21.08.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 23.08.2023 को 11:00 बजे खोली जाएगी एवं क्रम सं.– 10, 11, 12, 13, 14, 15, 23, 24, 25 एवं 26 पर अंकित दिनांक – 11.08.2023 से 24.08.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 28.08.2023 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

प्र0 वरिष्ठ प्रबंधक (ई-निविदा सेल)

Follow Us On / OfficialGNIDA

**इंडस टॉवर्स लिमिटेड**
indus TOWERS
सी.आई.एन.: L64201HR2006PLC073821
पंजी. कार्यालय: बिल्डिंग नं. 10, टॉवर ए, चतुर्थ तल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरूग्राम-122002, हरियाणा
दूरभाष: +91-124-4296766, फैक्स: +91-124-4289333
ई-मेल: compliance.officer@industowers.com वेबसाईट: www.industowers.com

**इंडस टॉवर्स लिमिटेड की 17वीं वार्षिक साधारण सभा ('एजीएम') की सूचना व ई-वोटिंग जानकारी**

1. कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बने नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (**'एमसीए परिपत्रों'**) द्वारा जारी साधारण परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, साधारण परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, साधारण परिपत्र सं. 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, साधारण परिपत्र सं. 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, साधारण परिपत्र सं. 19/2021 दिनांक 08 दिसम्बर, 2021, साधारण परिपत्र सं. 21/2021 दिनांक 14 दिसम्बर, 2021, साधारण परिपत्र सं. 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022, साधारण परिपत्र सं. 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 एवं अन्य लागू परिपत्र और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (**'सेबी परिपत्रों'**) द्वारा जारी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020, परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIRJP/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021, परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIRIP/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 एवं परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/POD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 के अनुपालन में, इंडस टॉवर्स लिमिटेड (**'कंपनी'**) के सदस्यों की 17वीं वार्षिक साधारण सभा ('एजीएम') गुरूवार, 31 अगस्त, 2023 को दोपहर 3.30 बजे (भा.मा.स.) एजीएम की सूचना (**'सूचना'**) में निर्धारित करोबार को सम्पादित करने के लिए, वीडियो क्रान्फ्रेंसिग (**'वीसी'**)/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (**'ओएवीएम'**) से आयोजित की जाएगी।
2. एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्रों के अनुपालन में सूचना और एकीकृत रिपोर्ट व वार्षिक खाते 2022-2023 (**'एकीकृत रिपोर्ट'**) की इलैक्ट्रानिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेजी जा चुकी हैं, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपोज़िटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं और पूर्ण एकीकृत रिपोर्ट की एक हार्ड कॉपी उन शेयरधारकों को भेजी जाएगी जो इसके लिए अनुरोध करेंगे। सूचना व एकीकृत रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://www.industowers.com/, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.com व www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं। ई-मेल द्वारा 17वीं एजीएम की सूचना एवं एकीकृत रिपोर्ट का प्रेषण 09 अगस्त, 2023 को पूरा कर लिया गया है।
3. निर्दिष्ट (कट-ऑफ़) तिथि अर्थात् गुरूवार, 24 अगस्त, 2023 तक भौतिक या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से सूचना में वर्णित साधारण व विशेष व्यापार पर इलैक्ट्रानिक रूप से अपने वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग की शुरूआत सोमवार, 28 अगस्त, 2023 को सुबह 9.00 बजे (भा.मा.स.) होगी और बुधवार, 30 अगस्त, 2023 को शाम 05.00 बजे (भा.मा.स.) समाप्त होगी। बुधवार, 30 अगस्त, 2023 को शाम 05.00 बजे (भा.मा.स.) के बाद रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा मौजूद नहीं होगी। एक प्रस्ताव पर एक बार सदस्य द्वारा वोट डाले जाने पर, उसमे कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता। वह व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ़ तिथि पर सदस्यों के रजिस्टर या लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, वही रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में ई-वोटिंग सिस्टम सुविधा प्राप्त करने का अधिकारी होगा।
4. सदस्य ध्यान दें कि ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध होगी और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित ऐसे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपने वोट नहीं डाले हैं और ऐसा करने से बाधित नहीं हैं, एजीएम में ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने के योग्य होंगे। रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट डाल चुके सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिन उन्हें दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
5. वह व्यक्ति जो सूचना के इलैक्ट्रानिक प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बनता है, और कट-ऑफ़ तिथि अर्थात् गुरूवार, 24 अगस्त, 2023 तक शेयर धारण करता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर यूज़र आईडी व पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि ई-वोटिंग के लिए केफिन के साथ पहले से ही पंजीकृत व्यक्ति अपने मौजूदा यूज़र आईडी और पासवर्ड का प्रयोग अपने वोट डालने के लिए कर सकता है।
6. सदस्यों द्वारा इलैक्ट्रानिक रूप से वोट डालने का तरीका सूचना में दिया गया है जिसका विवरण कंपनी की वेबसाइट www.industowers.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
7. जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं और परिणामस्वरूप जिन्हें सूचना व एकीकृत रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, वे सूचना में वर्णित निर्देशों को अपनाकर अपने ई-मेल पते और मोबाइल नंबर पंजीकृत करा सकते हैं।
8. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी परिपत्र संख्या: SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD-1/P/CIR/2023/37 दिनांक 16 मार्च, 2023 के अनुसार, भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारक सहायक दस्तावेजों के साथ अपेक्षित फॉर्म आईएसआर-1 जमा करके ई-मेल आईडी/संपर्क विवरण पंजीकृत करा सकते हैं। फॉर्म ISR-1 https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx लिंक पर उपलब्ध है एवं विस्तृत विवरण https://ris.kfintech.com/faq.html इस लिंक पर भी उपलब्ध है।
9. इलेक्ट्रॉनिक मोड में रखी गई प्रतिभूतियों को रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी ईमेल आईडी को अपने संबंधित डीपी के पास पंजीकृत/अपडेट करें, जहां डीमैट खाता रखा जा रहा है।
10. एजीएम में शामिल होने की प्रक्रिया और ई-वोटिंग प्रक्रिया, नोटिस में विस्तार से प्रदान की गई है और कंपनी की वेबसाइट www.industowers.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
11. ई-वोटिंग का परिणाम एजीएम के समापन से 2 (दो) कार्य दिवसों या 3 (तीन) दिनों के भीतर, जो भी पहले हो, घोषित किया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट www.industowers.com और एनएसडीएल की वेबसाइट evoting@nsdl.co.in पर रखा जाएगा। परिणाम एक साथ स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया जाएगा।
12. किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या 022-4886 7000 और 022-2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबन्धक, एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें।

इंडस टॉवर्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
समृद्धि रोढ़े
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: 09 अगस्त, 2023